MAHD-03

December - Examination 2018

M.A. (Previous) Hindi Examination

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper - MAHD-03

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) 'पृथ्वीराज रासो' और 'बीसलदेव रासो' के रचनाकार कवि का नाम लिखिए।

(ii) शिवसिंह सेंगर एवं मिश्रबंधुओं के हिन्दी साहित्येतिहास ग्रंथ का नाम लिखिए।

(iii) आचार्य रामचंद्र शुक्ल और राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल का क्या नामकरण किया है?

(iv) संतकाव्य परंपरा के दो प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखिए।

(v) 'पद्मावत' और 'मधुमालती' के रचनाकार सूफी कवियों का नाम लिखिए।

(vi) रीतिबद्ध काव्यधारा से आप क्या समझते हैं? इस काव्यधारा के दो कवियों के नाम लिखिए।

(vii) 'तार सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ और इसके संपादक कौन थे?

(viii) 'तीसरी कसम उर्फ मारे गये गुलफाम' और 'राजा निरबंसिया' कहानियों के लेखक का नाम लिखिए।

खण्ड – ब $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) सिद्ध साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए सिद्धों की रचनाओं पर प्रकाश डालें।

3) विद्यापति सौंदर्य के कवि हैं। सोदाहरण विवेचना कीजिए।

4) भक्ति आंदोलन के उदय के कारणों की समीक्षा कीजिए।

5) भ्रमरगीत परम्परा में सूरदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

6) द्विवेदी युगीन कविता की विशेषताएँ लिखिए।

7) छायावादी काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

8) प्रेमचंद की कहानी कला की विशेषताएँ लिखिए।

9) जयशंकर प्रसाद के नाटकों की चर्चा करते हुए हिन्दी नाट्य साहित्य में उनके यागेदान को रेखांकित कीजिए।

खण्ड – स $2 \times 16 = 32$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) आदिकाल के नामकरण संबंधी विभिन्न विद्वानों के मतों की चर्चा करते हुए अपना मत प्रस्तुत कीजिए।

11) गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं का परिचय देते हुए उनकी समन्वय भावना का प्रतिपादन कीजिए।

12) 'रीति' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए रीतिकाव्य की तीनों प्रमुख धाराओं एवं कवियों की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

13) निम्नलिखित विषयों पर 250 शब्दों में टिप्पणी लिखिए। (प्रत्येक 8 अंक)

(i) हिन्दी आलोचना के विकास में रामचंद्र शुक्ल का योगदान

(ii) नयी कविता की संवेदना और शिल्प